कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री विष्णु कुमार शर्मा पुत्र श्री घनश्याम शर्मा निवासी ग्राम राणोली तहसील सिकराय जिला दौसा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा

अपील संख्या 56/2025

निर्णय दिनांक 25.07.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2025/11667 दिनांक 27.06.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। किन्तु लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी दौसा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:58:09 IST
Reason: SelfAttested